गाजियाबाद के अशोक विहार कॉलोनी में नकली देसी घी बनाने वाली फौक्ट्री का भंडाफोड़, फौक्ट्री का संचालक गिरफ्तार

लोनी। कोतवाली क्षेत्र के अशोक विहार कॉलोनी में नकली घी, नमक, चाय पत्ती बनाने के कारखाने पर पतंजलि कंपनी के प्रतिनिधि की शिकायत पर पुलिस टीम ने छापा मारा। टीम ने मौके से काफी मात्रा में घी, चाय पत्ती और नमक बरामद किया है। संचालक चोरी छिपे नकली घी लाकर कंपनी के रैपर में पैकिंग करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बुलंदशहर के रहने वाले गुकेश कुमार पतंजलि, टाटा और अन्य कंपनी के पदाधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें लोनी में टाटा की नकली चाय, नमक व पतंजलि के नाम पर नकली घी बेचने की सूचना मिली थी। सूचना पर उन्होंने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर अशोक विहार कॉलोनी स्थित एक मकान में पहुंचे। यहां खेकड़ा निवासी महबूब ब्रांडेड कंपनी के रैपर लगाकर नकली घी और चाय पत्ती बेचने का काम कर रहा था।

Source: https://www.asbnewsindia.com/fake-desi-ghee-manufacturing-factory-busted-in-ghaziabads-ashok-vihar-colony-factory-operator-arrested/